डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांकः COE/58 / 2026 दिनांकः 19/02 / 2026

अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक परीक्षा प्रणाली (पुराने पाठ्यक्रम) से आच्छदित कतिपय परीक्षार्थी जो बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम0 / बी0काम0 (वोकेशनल) द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में एवं एम0ए0 / एम0एससी0 / एम0कॉम0 पूर्वार्द्ध व उत्तरार्द्ध कतिपय विषयों में अनुत्तीर्ण है, को छात्रहित के दृष्टिगत मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 22.12.2025 के अनुपालन मे **सत्र 2020 से सत्र 2025 तक** के छात्र–छात्राओं को परीक्षा / पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त परीक्षाओं को फरवरी / मार्च 2026 में अयोजित कराया जाना सम्भावित है। **सम्बन्धित छात्र–छात्राऐं के परीक्षा / पुनः परीक्षा के आवेदन पत्र पूरित करने की अन्तिम तिथि 25.02.2026 तक विस्तारित की जाती है।**

निम्नवत अर्हता वाले छात्र / छात्राऐं परीक्षा / पुनः परीक्षा के आवेदन पत्र पूरित कर सकते हैः–

1. ऐसे परीक्षार्थी जो बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0काम0 / बी0काम0 (वोकेशनल) द्वितीय वर्ष में किन्ही एक अथवा दो विषय में अनुत्तीर्ण है और साथ ही तृतीय वर्ष उत्तीर्ण है, ऐसे छात्र द्वितीय वर्ष के दो विषय के तीन प्रश्न पत्रों हेतु पुनः परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कर सकते है।
2. ऐसे परीक्षार्थी जो बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम0 तृतीय वर्ष मे अनुत्तीर्ण है ऐसे छात्र दो विषय के तीन प्रश्नपत्रों में पुनः परीक्षा का आवेदन पत्र पूरित कर सकते है।
3. ऐसे परीक्षार्थी जो एम0ए0 / एम0एससी0 / एम0काम0 पूर्वार्द्ध में अनुत्तीर्ण है और उत्तरार्द्ध में उत्तीर्ण है, ऐसे छात्र किन्हीं दो प्रश्नपत्रों में पुनः परीक्षा का आवेदन पत्र पूरित कर सकते है।
4. ऐसे परीक्षार्थी जो एम0ए0 / एम0एससी0 / एम0काम0 उत्तरार्द्ध में अनुत्तीर्ण है ऐसे छात्र / छात्राऐं किन्ही दो प्रश्नपत्रों में पुन परीक्षा का आवेदन पत्र पूरित कर सकते है।
5. ऐसे परीक्षार्थी जो स्नातक / परास्नातक के किसी प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुपस्थित या वंचित रह गये है, ऐसे परीक्षार्थी भी अपना आवेदन पत्र पूरित कर सकते है।
6. ऐसे परीक्षार्थी जो स्नातक के प्रथम, द्वितीय वर्ष मे उत्तीर्ण है और तृतीय वर्ष में अनुपस्थित या अनुत्तीर्ण रहे है एवं परास्नातक स्तर के पूर्वार्द्ध में उत्तीर्ण है और उत्तरार्द्ध में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित रहे है वह भी अपना आवेदन पत्र पूरित कर सकते है।

समस्त अर्ह छात्र–छात्राऐं जो उक्त परीक्षाओं हेतु आवेदन पत्र पूरित करना चाहते है वह दिनांक 25.02.2026 तक विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.dbrau.ac.in or https://exams.agrauniv.online/ पर सम्बन्धित कालेज / साइबर कैफे के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करना सुनिश्चित करें।

नोटः– उक्त वार्षिक परीक्षा के आयोजन के उपरान्त भविष्य में किसी भी इस तरह की वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित परीक्षा (पुराने पाठ्यक्रम) का विश्वविद्यालय द्वारा आयोजन नही किया जायेगा, यह अन्तिम से अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए छात्र–छात्राओं को अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी।
3. सहायक कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय।
4. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
6. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को आगरा, अलीगढ (एटा) मण्डल में समस्त दैनिक समाचार पत्रों में छात्रहित के दृष्टिगत निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. प्रभारी, बेवसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
8. एंजेन्सी–2025 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉग–इन आई0डी0 पर अपलोड करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
9. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक